卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 164 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦23 मार्च 2024 ♦मूल्य दो रूपया

## गौला नदी में डूबे मासूम भाई बहन

### एक का शव मिला, दूसरे की तलाश जारी, अवैध खनन बना मौत का कारण



किच्छा। पुलभट्टा थाना क्षेत्र अंतर्गत शंकर फार्म के पास दो मासूम भाई बहन गौला नदी में डूब गये। जिससे इलाके में हड़कम्प मच गया। मौके से एक शव बरामद कर लिया गया है जबकि दूसरे की तलाश की जा रही है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक शंकर फार्म क्षेत्र में सिरौली निवासी शहादत की सात वर्षीय पुत्री अनम और आठ वर्षीय पुत्र शाद शनिवार दोपहर गौला नदी के पास खेल रहे थे तभी खेलते खेलते दोनों बच्चे गौला नदी में बने तालाब में डूब गये। आस-पास मौजूद अन्य बच्चों ने शोर मचाया तो मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। लोगों ने गड्ढे में डूबी अनम को बमुश्किल बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पुलभट्टा थाना इंचार्ज राजेंद्र बिष्ट भी (शेष पृष्ठ सात पर)

## कार खाई में गिरने से तीन की मौत



चमोली (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के चमोली जिले में कार खाई में गिरने से कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, थाना नंदा नगर घाट पर देर रात सूचना मिली कि ग्राम मणखी के पास एक कार 300 मीटर नीचे पलट कर गिर गई है, हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। सूचना पर थाना नंदा नगर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। आसपास के ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने तीनों शवों को अस्पताल में लेकर आई। मृतकों की पहचान 42 वर्षीय बद्री प्रसाद रतूड़ी पुत्र रामेश्वर प्रसाद रतूड़ी निवासी ग्राम कुंमजुंग थाना नंदा नगर घाट, 51 वर्षीय राकेश सती पुत्र शंभू प्रसाद निवासी ग्राम माणखी थाना नंदा नगर घाट जिला चमोली, 57 वर्षीय ललित प्रसाद पुत्र इंद्रमणि सती निवासी ग्राम कांडई थाना नंदा नगर घाट जिला चमोली के रूप में हुई है।




### अंतिम अरदास/भोग

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय पिताजी **श्री हंसराज छाबड़ा जी** (शिमला पिस्तौर) का स्वर्गवास दिनांक 21.03.2024 को हो गया है। उनकी आत्मिक शांति हेतु **अन्तिम अरदास एवं भोग 24 मार्च 2024 दिन रविवार** को प्रात: 11 से 1 बजे **गुरुद्वारा सिंह सभा, गोल मार्किट, रुद्रपुर** होगी

**शोकाकुल परिवार**

कुलतार सिंह – सीमा अरोरा (पुत्री–दामाद), मदनलाल –किरन मनचंदा (पुत्री–दामाद), राजेंदर सिंह– दीपा कामरा (पुत्री–दामाद), प्रमोद अनीता चावला (पुत्री–दामाद), डिंपल बत्रा (पुत्री), देवेंदर सिंह, अमनदीप सिंह, वासु बत्रा, संचित मनचंदा, दमन कामरा, विवेक चावला (दोते) एवं समस्त परिवार

मोबा.– 9756966262, 9837004515


## अज्ञात कारणों से युवक ने फांसी लगाकर दी जान



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं सिंह कालोनी गली नम्बर 9 में अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम रूस्तमपुर(शेष पृष्ठ सात पर)

## ऑनलाईन ट्रेडिंग का लालच देकर लाखों की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ऑन लाईन इन्वेस्टमेंट करने के बाद गारंटी से प्रोफिट देने का लालच देकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा महिला से लाखों रूपये ठग लेने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। दर्ज रपट में पूजा आनन्द पत्नी राजन आनन्द निवासी एलायंस किंगसटन ने कहा है कि 12.10.2023 को उसके व्हाट्सअप नम्बर पर एक ऑडिया कॉल आई जिसने अपना नाम करन शर्मा बताया जो कि वह एक इन्वेस्टमेंट एडवाईजर के तौर पर एक ट्रैडिंग कम्पनी गुड वेल्थ मेनेजमेंट में काम करता है। उसनें इनवेस्टेमैन्ट करने पर गारंटी के साथ लाभ का प्रलोभन दिया और व्हाट्सएप चैट द्वारा ट्रैडिंग ट्रेनिंग दी। पूजा का कहना है कुछ दिनों बाद करन ने अपनी कथित कम्पनी में अकाउंट खुलवाने को कहा। अकाउन्ट खुलवाने के लिए कुछ (शेष पृष्ठ सात पर)




# अनेक उपलब्धियों और चुनौतियों भरा है दो वर्ष का कार्यकाल : धामी

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रेस वार्ता में गिनाये सरकार के विकास कार्यों और फैसलों के आकड़े



देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को अपनी सरकार की प्रमुख उपलब्धियां सामने रखीं। दो साल का कार्यकाल पूर्ण करने पर उन्होंने कहा कि इन दो वर्षों में उनकी सरकार ने चुनौतियों का डटकर मुकाबला किया और बेरोजगारों, महिलाओं और देवभूमि के हित में सख्त फैसले लिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नकल रोकने के लिए जहां कानून बनाया, वहीं भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाए। इसका नतीजा यह है कि लोक सेवा आयोग में 22 वर्षों में इतनी भर्ती नहीं हुई, जितनी पिछले ढाई साल में हुई। उन्होंने मीडिया के सामने आंकड़े रखे कि लोक सेवा आयोग से 22 वर्षों में 6859 युवाओं को नौकरी मिली, जबकि ढाई वर्ष में 7600 की नियुक्तियां हुईं। शुक्रवार को भाजपा के मीडिया सेंटर में आयोजित पत्रकार वार्ता में सीएम ने कहा कि हमने जनता से चुनाव में जितने भी वादे किए, उन्हें पूरा किया। पत्रकार वार्ता में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी उपस्थित थे। सीएम ने कहा कि दो साल के कार्यकाल में कई चुनौतियां भी सामने आईं। जोशीमठ भू-धंसाव, सिलक्यारा टनल हादसा हुआ। इन चुनौतियों से निपटने में हमें सफलता मिली। हमने सख्त निर्णय लिए और सख्त कानून बनाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूसीसी कानून बनाने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य है। राष्ट्रपति से विधेयक को मंजूरी मिल गई है। कानून को लागू करने के लिए एक कमेटी बना दी है। यह कमेटी जल्द अपना काम पूरा करेगी और यूसीसी को लागू करेंगे। यूसीसी लागू होने के साथ बहुत से लोगों के संदेह भी दूर हो जाएंगे। यह कानून सभी के भले के लिए है। महिलाओं का सशक्तिकरण होगा। सीएम ने कहा कि वर्षों से नकल का अपराध हो रहा था। प्रतियोगी परीक्षाओं में युवाओं इसे हो रहे इस धोखे के खिलाफ हमारी सबसे सख्त कानून लाई। देवभूमि की अलग पहचान है। हमने धर्मांतरण रोकने के लिए कानून बनाया। अराजक तत्वों और दंगई से निपटने के लिए दंगारोधी कानून भी बना दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृशक्ति में आगे बढ़ने की ललक है। राज्य सरकार ने उन्हें सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। राज्य की महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण के लिए कानून बनाया। ये उपलब्धियां भी गिनाई : तीन मुफ्त गैस सिलिंडर दिए जाते रहेंगे, बजट का किया प्रावधान। भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड के लिए 1064 नंबर जारी किया। राजस्व पुलिस हटा कर नियमित पुलिस को जिम्मा सौंपा। हाउस हिमालयाज ब्रांड बनाया, इसकी डिमांड बढ़ रही है। 2026 तक ऋषिकेश-हरिद्वार में गंगा कॉरिडोर बन जाएगा। अवस्थापना विकास बोर्ड को दिया गया है यह प्रोजेक्ट। जमरानी बांध परियोजना की दशकों पुरानी मांग पूरी, हुई स्वीकृति। सौंग बांध परियोजना से देहरादून को 50 साल तक पेयजल मिलेगा। जोशीमठ के पुनर्निर्माण के लिए 1700 करोड़ रुपये जारी किए। सभी 13 जिलों को हेली सेवा से जोड़ने की योजना शुरू की। देहरादून एयरपोर्ट का विकास, देश के दूसरे व तीसरे एयरपोर्ट में शामिल। दिल्ली-दून कॉरिडोर जल्द बनकर तैयार हो जाएगा। चारधाम यात्रा में 10 लाख यात्रियों का इजाफा हुआ। दो वंदे भारत ट्रेन मिली, कई नई ट्रेनें चलीं। सवा लाख लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य पूरा करेंगे। डबल इंजन की सरकार में 60 लाख लोगों को पीएम गरीब कल्याण योजना का लाभ मिला। नौ लाख से अधिक किसानों को सम्मान निधि। अयोध्या में अतिथि गृह की डीपीआर जल्द तैयार कर निर्माण कार्य शुरू होगा।

# प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की 6,357 शिकायतें दर्ज

## पांच सीटों पर नौ प्रत्याशियों के नामांकन

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय देहरादून द्वारा शुक्रवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकार होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी पुरुषोत्तम ने सभी मीडिया प्रतिनिधियों को होली की शुभकामनाएं दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राज्य में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया माध्यमों से लोगों को जागरूक करने की अपील भी की। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नमामि बंसल ने इस दौरान प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड में 05 लोक सभा सीटों के लिए होने वाले चुनाव के लिए अभी तक 09 नामांकन पत्र दाखिल हो चुके हैं।



उन्होंने बताया कि टिहरी लोक सभा सीट के लिए 02, गढ़वाल लोक सभा सीट के लिए 01, अल्मोड़ा और हरिद्वार लोकसभा सीट के लिए 03-03 नामांकन अभी तक दाखिल हो चुके हैं। सी विजिल एप के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के 6357 शिकायतें दर्ज हुई हैं, जिन्हें निस्तारित किया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक केरल के बाद उत्तराखण्ड में सी विजिल एप के माध्यम से सबसे अधिक शिकायतों का निस्तारण किया गया है। राज्य के लगभग 60 हजार से अधिक मतदान कार्मिकों के लिए विशेष वेलफेयर ऑफिसर की नियुक्ति की गई है। प्रत्येक बूथ स्तर पर एक हेल्थ प्लान भी तैयार किया जा रहा है। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि राज्य के 11729 मतदेय स्थलों के लिए 12 हजार से अधिक वाहनों की तैनाती की आवश्यकता रहेगी। इसके लिए परिवहन विभाग से संबंधित सभी कार्मिकों के लिए डाक मतपत्र की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से एक विशेष पहल की गई है, इसके तहत सभी एआरओ द्वारा संबंधित बीएलओ को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जोड़ा गया है। बीएलओ द्वारा अपने बूथों के मतदाताओं को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जोड़ा गया है।

# सजा पूरी कर चुके 32 कैदियों की होगी रिहाई

नैनीताल। प्रदेश की जेलों में 14 वर्षों से अधिक समय से बंद बंदियों के मामले में सरकार ने हाईकोर्ट में जवाब दाखिल किया। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ के समक्ष सरकार ने अपना जवाब दाखिल किया जिसमें उन्होंने बताया कि चार बंदियों को छोड़ दिया गया है जबकि 28 बंदियों को शनिवार तक छोड़ दिया जाएगा। शुक्रवार को सरकार के अधिवक्ता एजीए जेएस.विर्क ने न्यायालय को बताया कि एक ऐसे बंदी की मृत्यु हो चुकी है। मामले में अगली सुनवाई 20 अप्रैल को होगी। न्यायालय में बृहस्पतिवार को एक जनहित याचिका पर सुनवाई हुई थी, जिसमें प्रदेश की जेलों में 14 वर्षों से अधिक समय से रह रहे बंदियों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर रिहा नहीं करने पर सरकार से सवाल कि गए थे। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने सरकार से शाम पांच बजे तक निर्णय लेकर शुक्रवार सुबह 10:30 बजे तक न्यायालय को सूचित करने के लिए कहा था। शुक्रवार को सरकार के अधिवक्ता एजीए जेएस.विर्क ने न्यायालय में सरकार का पक्ष रखा। पिछले दिनों मुख्य न्यायाधीश ने हल्द्वानी की जिला जेल और सितारगंज की संपूर्णानंद ओपन जेल का दौरा किया था। वहां बंदियों से समस्याएं सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश की अवहेलना पाया जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस की उस दलील को निराधार बताया था कि कैदी को जेल से बाहर रखना समाज के लिए खतरा है। मुख्य न्यायाधीश ने बंदियों के मानवाधिकार को समझते हुए जेल प्रबंधनों से लिस्ट मांगी थी जिसमें 167 ऐसे कैदी मिले थे। गृह सचिव दीलिप जावलकर ने गुरुवार को जबकि महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर ऑनलाइन शामिल हुए।

# गणेश मार्तण्ड के अनुसार 26 मार्च को ही रंग खेला जायेगा: वार्ष्णेय

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इस बार होली पर्व रंगोत्सव पर पंचांग रचनाकारों के अपने-अपने अलग मत होने कारण जनमानस में भ्रम की स्थिति बन गई है। वो समझ नहीं पा रहे हैं कि फागोत्सव छलडी 25 मार्च या 26 मार्च को मनायें। स्थानीय पंचांग श्री ताराप्रसाद दिव्य पंचांग, रामनगर, गणेश मार्तण्ड के अनुसार 26 मार्च को ही रंग खेला जायेगा। वहीं मैदानी क्षेत्रों में काशी विश्व पंचांग के हिसाब से 25 मार्च को रंग खेला जायेगा।इस प्रकार एक भ्रामक स्थिति बन गई है। इस सम्बन्ध में ज्योतिषी अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि ज्योतिष विद्वानों के विचारों में एकरूपता न बन पाने के कारण ही ऐसी स्थिति बन गई है। उन्होंने बताया कि होलिका दहन प्रदोष काल में किया जाता है, मगर इस बार भद्रा की उपस्थिति रहने के कारण भद्रा समाप्ति के पश्चात रात्रि 11बजकर 13मिनट के पश्चात ही होलिका दहन



होगा।वैसे तो होलिका दहन के पश्चात ही दूसरे दिन होली खेली जाती है। मगर कई बार उदयव्यापिनी प्रतिपदा न मिल पाने के कारण अगले दिन होली खेली जाती है। इस बार दोपहर तक पूर्णिमा है,उसके बाद ही प्रतिपदा तिथि लग रही है। 27मार्च को दम्पति टीका होगा। रंगोत्सव मनाये जाने की भ्रम स्थिति पर ज्योतिषाचार्य डाक्टर नवीन चन्द्र बेलवाल, डाक्टर देवेन्द्र प्रसाद हर्बोला, रामनगर, डाक्टर हरीश चन्द्र जोशी, नैनीताल, डाक्टर बसंत बल्लभ त्रिपाठी से बातचीत की गई, तो उन्होंने भी अपनी बात पर जोर देते हुए कहा कि 25 मार्च को प्रतिपदा दोपहर में मिल रही है, ऐसे में होली खेलना उचित नहीं माना जा सकता है।जबकि 26 मार्च को उदयव्यापिनी प्रतिपदा मिल रही है, तब होली खेलना शास्त्र सम्मत है। जब प्रत्येक पर्व उदयातिथि के आधार पर ही मनाया जाता है, तो इसी दिन छलडी मनाया जाना उचित रहेगा।

# होली पर्व पर सतर्कता बढ़ाने के निर्देश

देहरादून। होली और आगामी मेलों के आयोजन को लेकर पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था एपी अंशुमान ने इन मेलों और त्योहार के लिए सभी पुलिस अधिकारियों को विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए। होली से पहले उन सभी लोगों को चिह्नित करने को कहा जो बीते वर्षों में किसी विवाद में शामिल रहे हैं। इसके अलावा चुनाव के मद्देनजर चेकपोस्ट पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश भी अपर पुलिस महानिदेशक ने दिए हैं। अपर पुलिस महानिदेशक ने ये दिशा निर्देश पुलिस मुख्यालय में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी रेंज और जिला पुलिस प्रभारियों को दिए।होलिका दहन व रंग के दौरान शांति बनाए रखने के लिए विवादित स्थलों के संबंध में शांति समितियों की बैठक बुलाई जाए। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए।26 मार्च को चंपावत जिले में मनाए जाने वाले मां पूर्णागिरी मेले में पर्याप्त संख्या में पुलिस और पीएसी बल तैनात किया जाए। इसके साथ ही ट्रैफिक प्लान भी समय से तैयार कर लिया जाए।30 मार्च को देहरादून में झंडा मेले में पुलिस पीएसी की व्यवस्था और समय से ट्रैफिक प्लान तैयार करने को कहा गया। इसके अलावा आपराधिक इतिहास वाले लोगों की निगरानी के निर्देश दिए गए।चुनावों के मद्देनजर सभी चेकपोस्ट पर एसएसटी और एफएसटी की लगातार निगरानी की जाए। अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों की दोबारा समीक्षा कर योजना बनाई जाए। नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, ऐसे में प्रत्याशियों की सुरक्षा के भी पर्याप्त इंतजाम किए जाएं।

# जनपद के गांव घरों में किया होली गायन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जनपद के प्रत्येक गांव में होली की मस्ती छाई हुई है। होली के चलते बाजार सूनसान हैं तथा गांवों में ढोलकी की थाप सुनाई दे रही हैं। कपकोट के कस्तूरबा गांधी विद्यालय में होली गायन किया गया। ज्नपद के विभिन्न गांवों में होली गायन की धूम मची हुई है। पुरुष, महिलाएं अलग अलग टोलियों में दिन भर होली गायन कर रही हैं तो पुरुष सुबह से ही होली प्रारंभ करके देर रात तक होली गायन कर रहे हैं। लोगों द्वारा गुझिया, आलू के साथ होल्यारों का स्वागत किया जा रहा है। जनपद के विभिन्न स्कूलों में भी शुक्रवार को अध्यापकों ने बच्चों के साथ होली गायन किया। उधर कपकोट के कस्तूरबा विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय कपकोट, गरूड़ के विभिन्न विद्यालयों में अध्यापक अध्यापिकाओं ने बच्चों के साथ होली गायन किया व एक दूसरे को होली की बधाईयां दी।

# हाय ककड़ी झील मां गीत पर झूमे छात्र छात्राएं

किच्छा (उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय, किच्छा में वार्षिक सांस्कृतिक समारोह का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि राजकीय स्ना0 महा0 सितारगंज के प्राचार्य डॉ0 सुभाष वर्मा तथा प्राचार्य डॉ0 राजीव रतन द्वारा संयुक्त रूप से किये गये दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। इस अवसर पर सांस्कृतिक समितियों की छात्राओं के द्वार वीणा वादिनी ज्ञान की देवी सरस्वती वन्दना की भाव पूर्ण प्रस्तुति दी गयी। इस अवसर पर उत्तराखण्ड की विविध बोलियों कुमाऊंनी गढ़वाली के साथ ही साथ पंजाबी, बंगाली, राजस्थानी तथा कन्नड़ गीतों की मनोहारी प्रस्तुति दी गयी। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के द्वारा भारतीय संस्कृति के अनेकता में एकता के स्वर को वाणी दी। इस अवसर पर सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रतिभाग कर रहे विजयी विद्यार्थियों को पारितोषिक प्रदान किये गये। सांस्कृतिक कार्यक्रम में हर्षिता द्वारा कुमाऊंनी गीत पर हाय ककड़ी झील



में गीत पर प्रस्तुत एकल नृत्य को खूब सराहना मिली। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में हर्षिता, कोमल शिवानी तथा केसर क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे। वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता में छात्र चैंपियन शाहरूख तथा छात्रा चैम्पियन हर्षिता को चैम्पियनस ट्रॉफी प्रदान की गयी। इस अवसर पर क्रीड़ा प्रतियोगिता के विजयी विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां इस बात का सबूत है कि किच्छा महाविद्यालय के विद्यार्थी बहुमूल्य प्रतिभाओं के धनी है। भारतीय संस्कृति की समन्वय भावना इन प्रस्तुतियों से अभिव्यक्त हुई है। विद्यार्थी का यह दायित्व होता है कि वह समाज में अनेकता में एकता के विचार को और अधिक प्रचारित प्रसारित करें। प्राचार्य डॉ0 राजीव रतन ने महाविद्यालय के पहले सांस्कृतिक समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय समाज अनेक रंगो से बना हुआ है, होली के त्यौहार की तरह हमें समाज के हर रंग को स्वीकारना चाहिए। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजिका डॉ हर्षिता तिवारी, डॉ नरेश कुमार डॉ प्रकाशचंद भट्ट अन्य प्राध्यापक कार्मिकों के साथ रिया कश्यप, पायल, केसर, जया,शिवानी, प्रिया,रुकसाना अनूप आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजिका डॉ हर्षिता तिवारी ने उत्तराखंड मेरी मातृ भूमि उत्तराखंड मेरी पितृभूमि कुमाऊँनी गीत की मनोहारी प्रस्तुति दी गयी।

# बंडिया के पूर्व उप प्रधान श्याम बिष्ट समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

किच्छा(उद संवाददाता)। पूर्व ग्राम सभा बंडिया व वर्तमान में वार्ड 3 में कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ मुखर एवं क्षेत्र की समस्याओं के लिए हमेशा संघर्ष करने वाले युवा श्याम बिष्ट अपने समर्थकों के साथ नैनीताल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समक्ष भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गये। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने कहा कि आज युवा वार्ग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विचारधारा एवं सोच से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं। युवा पीढ़ी समाज को एक नई दिशा दे सकती है। भाजपा में शामिल श्याम बिष्ट ने कहा कि वह भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं क्योंकि युवाओं का



भविष्य भाजपा में ही सुरक्षित है। इस अवसर पर चंदन सिंह बिष्ट, मनोज बिष्ट, ममता बिष्ट, प्रताप सिंह रौतेला, अनिल शर्मा, श्रवण प्रजापति, राहुल पांडा, बृजेश कुमार, अवतार सिंह, राजकुमार, छत्रपाल शर्मा, करन बिष्ट सहित सैंकड़ो समर्थक उपस्थित थे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

श्री बालाजी भव्य दरबार
होली पर्व के उपलक्ष्य में सर्वशक्तियों का भव्य दरबार एवं फूलों व रंगों की होली में आप सादर आमंत्रित है।
दिनांक 24 मार्च 2024 दिन रविवार रात्रि 8 बजे से
स्थान- श्री नीलकंठ धाम शैलजा कालोनी, रूद्रपुर
निवेदक-श्री नीलकंठ धाम चैरिटेबिल ट्रस्ट, रूद्रपुर

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# सैनिक स्कूल का कर्मचारी बताकर 2.48 लाख ठगे, केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात व्यक्ति क्षरा स्वयं को सैनिक स्कूल का कर्मचारी बताकर सीमेन्ट पाईप खरीदने की इच्छा जताते हुए ऑन लाईन 248995 रूपये की ठगी कर ली गई। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में भास्कर शर्मा पुत्र स्व. राजीव शर्मा निवासी ग्राम भमरौला ने कहा है कि 13 मार्च 2023 को उसके मैनेजर चन्द्रशेखर पंत के मोबाईल पर अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया, जिसने अपने आपको सैनिक स्कूल लालँकुआ का कर्मचारी बताते हुए सीमेन्ट पाईप खरीदने की इच्छा बताई। भुगतान करने हेतु उसे अपना गूगल पे नम्बर दिया गया। इसके बाद अज्ञात व्यक्ति द्वारा बताया गया कि उसके एकाउटेंट द्वारा फोन किया जायेगा जो भुगतान का विवरण बतायेगा। इसके कुछ समय बाद एक कॉल आया, जिसने अपना नाम रोशन कुमार सिंह सैनिक स्कूल लालँकुआ बताया। जिस पर विश्वास करके उसे क्यूआर कोड बता दिया गया। भास्कर का आरोप है कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा सैनिक स्कूल का प्रतिनिधि बनकर उसके साथ आनलाईन भुगतान के नाम पर 2,48,995 की धोखाधडी कर ली गयी है। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नेताओं व अधिकारियों संग होली पर पत्रकारों ने मचाया धमाल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। होली का त्योहार जैसे-जैसे करीब आ रहा है वैसे-वैसे सभी जगह होली के कार्यक्रमों का दौर शुरू हो चुका है। होली के रंगों में सब रंगने लगे हैं। इस बार होली का त्यौहार लोकसभा चुनाव के बीच पूरे देश में मनाया जा रहा है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होली पर उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के होली महोत्सव में पत्रकारों ने जमकर अबीर गुलाल उड़ाया। समारोह में जनप्रतिनिधियों के साथ साथ शहर के व्यापारियों व गणमान्य लोगों ने शिरकत की और एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी। उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन द्वारा रामपुर रोड स्थित एक बैंकेंट हॉल में होली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मीडिया कर्मियों ने जमकर धमाल मचाया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। जिसके बाद कलाकारों ने होली के गीत गाकर माहौल को रंगों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में राधा कृष्ण की मनमोहक झांकी ने सभी अतिथियों का मनमोहक नृत्य कर समां बांध दिया। इसके बाद फूलों की होली खेली गई।इस मौके पर भाजपा सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट, विधायक सुमित हृदयेश, कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई, एसडीएम परितोष वर्मा, तहसीलदार सचिन कुमार, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री महेश शर्मा, रेनू अधिकारी, प्रकाश हर्बोला, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा प्रसाद, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, खजान पाण्डे, ललित जोशी, डिंपल पांडे, कार्तिक हर्बोला, राजेंद्र बिष्ट, राजू रावत, मीमांसा आर्या, हेमंत साहू, प्रीति साहू, नवीन पंत, व्यापारी नेता प्रदीप सबरवाल, दिगंबर वर्मा, दलजीत सिंह दल्ली, हेमंत बगडवाल, वीरेंद्र गुप्ता, गौरव अग्रवाल, योगेश शर्मा, मनोज जायसवाल, कमल पपनै, सहित कई गढ़मान्य लोगों के साथ उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के पदाधिकारीयों से विपिन चंद्रा, अनुज सक्सेना, गोविंद सनवाल, अरविंद मलिक, गणेश जोशी, संजय प्रसाद, सुरेंद्र नेगी, भगवान सिंह गंगोला, गिरीश गोस्वामी, दीपक भंडारी, शाहवेज खान, हरीश पांडे, सर्वेश तिवारी, कैलाश पाठक, समीर बिसारिया, अंशुल डांगी, अंकुर शर्मा, मनोज भट्ट, हिमांशु वार्ष्णेय, पंकज सक्सेना, दीप बलेवाल, अंजलि पंत, वंदना, सौरभ बजाज, उदय सेठ, विजेंद्र मेहता, भानु जोशी, राहुल दर्मवाल, अंकित साह, शैलेंद्र नेगी, कुलदीप रौतेला, शैलेंद्र भंडारी, ऋषि कपूर, देवेंद्र रौतेला, गौरव गुप्ता, भूपेंद्र गुप्ता, चंद्र प्रकाश, संजय कुमार, राजेंद्र बिष्ट, राजेश श्रीवास्तव, संजय रावत, सुरेश पाठक, ऋषि कपूर आदि पत्रकार मौजूद थे।






# ईवीएम, वीवी पैट का हुआ प्रथम रेण्डमाईजेशन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष व पारदर्शिता से सम्पन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में ईवीएम, वीवी पैट का प्रथम रेण्डमाईजेशन कलेक्ट्रेट स्थित वीसी रूम में किया गया। इस प्रथम रेण्डमाईजेशन से वीयू, सीयू एवं वीवी पैट का विधानसभावार आवंटित हो गये है। द्वितीय रेण्डमाईजेशन से ईवीएम का बुधवार आवंटन किया जायेगा।जनपद में 3065 सीयू, 2179 वीयू व 2383 वीवी पैट का प्रथम रेण्डमाईजेशन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रथम रेण्डमाईजेशन के बाद 23 मार्च शनिवार व 24 मार्च रविवार को ईवीएम वेयर हाउस रूद्रपुर में प्रातः 08 बजे से विधानसभावार ईवीएम मशीनों की स्केनिंग करते हुए पृथक-पृथक किये जायेगें। उन्होने सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि वे भी वेयर हाउस में विधानसभावार मशीनों के पृथक-पृथक कार्य में मौजूद रहे। रेण्डमाईजेशन के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, नोडल ईवीएम टीएस मर्तोलिया, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी लक्ष्मी चौहान सहित जिला महामंत्री भाजपा योगेश वर्मा, आप के संजय कुमार, धर्मेन्द्र सिंह, महानगर महामंत्री कांग्रेस सुनिल आर्य, लोकसभा प्रभारी बीएसपी चन्द्रकेश्वर राव, जिला सचिव सीपीआईएम राजेन्द्र सिंह, पूर्व जिला मंत्री सीपीआई राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, योगेन्द्र यादव आदि मौजूद थे।



# दिव्यांग मतदाताओं को घर पर ही करायें मतदान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रिटर्निंग ऑफिसर उदयराज सिंह ने नैनीताल-उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र के 14 विधानसभाओं के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर से वीसी के माध्यम से वार्ता कर शत प्रतिशत मतदान करने के निर्देश दिए, साथ ही कहां कि 80 प्लस वह दिव्यांग मतदाता जो बूथ पर आकर मतदान नहीं कर सकते उन मतदाताओं को उनके घर पर ही मतदान कराना सुनिश्चित करें तथा इसकी पूरी तैयारी करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घर-घर मतदान करने हेतु रूट चार्ट, वाहन, सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही राजनैतिक दलों को भी इसकी सूचना दी जाए। उन्होंने मत की गोपनीयता बनाए रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा निर्वाचन में लगे सभी कार्मिकों के साथी ही निर्वाचन में लगे वाहनों के वाहन चालकों, क्लीनरो, सुरक्षा कार्मिकों का भी शत प्रतिशत मतदान कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि 50 प्रतिशत मतदान बूथों की बैवकास्टिंग होनी है इसलिए बूथों पर नेट कनेक्टिविटी की जांच कर ली जाए।वीसी में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नैनीताल फिंचाराम चौहान, नोडल पीवी, इडीसी विवेक राय, नोडल प्रशिक्षण नरेश दुर्गापाल सहित सभी एआरओ जुड़े थे।




# श्रीमद् भागवत कथा 27 मार्च से

गदरपुर। नौवें श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ एवं कलश यात्रा के आयोजन के लिए श्री अद्वैत स्वरूप अनंत आश्रम गदरपुर इकाई ने तैयारियां शुरू कर दी है। पूज्य संत ध्यानपुरी जी एवं संत प्रकाश पुरी जी ने जानकारी देते हुए बताया कि नौवें श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ के शुभारम्भ से पूर्व 27 मार्च को प्रातः 9बजे शिव मंदिर से मुख्य बाजार होते हुए रेड रोज कान्वेंट स्कूल गुलरभोज रोड के पास स्थित श्री अद्वैत स्वरूप अनंत आश्रम तक कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। तत्पश्चात प्रतिदिन सायं काल 3बजे से 6बजे तक श्रीमद् भागवत कथा के प्रवचन होंगे, 3 अप्रैल दिन बुधवार को कथा का विश्राम भोग प्रातः 10बजे तथा संतो द्वारा प्रवचन प्रातः 11बजे से 1 बजे तक किया जाएगा इसके उपरांत दोपहर 1बजे लंगर भंडारा आयोजित किया जाएगा, उन्होंने सभी धर्म प्रेमी जनता से कार्यक्रम अनुसार सहभागिता करने की अपील की है।

# होल्यारों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

गरुड़(उद संवाददाता)। स्वीप टीम मतदाताओं को जागरूक करने में जुटी है। टीम होल्यारों के बीच पहुंची और शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। इस मौके पर होल्यारों ने मतदान पर आधारित होलियां गाई और मतदान जागरूकता रैली निकाली। स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी उमेश जोशी के नेतृत्व में स्वीप टीम ने मटेना गांव में होल्यारों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। श्री जोशी के आवास पर होल्यारों ने कुमाऊं का भाई बैणी, है जाओ तैयार..होली गीत गाकर मतदान के महत्त्व को बताया। इस मौके पर होल्यारों ने शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया।इस दौरान डीएल वर्मा, सुरेश खोलिया, मोहन भरड़ा, पुष्कर अल्मिया, मोहन जोशी, ग्राम प्रधान रविशंकर बिष्ट, गिरीश खोलिया, चंदशेखर बड़सीला, कैलाश खुल्बे, विनोद खोलिया, जगदीश खोलिया, गोविंद बड़सीला समेत दर्जनों ग्रामीण व होल्यार उपस्थित थे।

KRIBHCO Cooperative and beyond...
कृषक भारती कोऑपरेटिव लि०
बीज उत्पादन इकाई, रुद्रपुर (उत्तराखण्ड)
निविदा तिथि विस्तारण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गेहूं बीज स्विपेज की बिक्री हेतु दैनिक समाचार पत्र श्उत्तराँचल दर्पणश के दिनांक 13.03.2024 के अंक में प्रकाशित निविदा सूचना में कृभको राज्य विपणन कार्यालय, देहरादून में निविदा उपलब्ध कराने की अंतिम तिथि दिनांक 19.03.2024 समय पूर्वाह्न 11:00 बजे तक प्रकाशित कराया गया था, जिसकी तिथि विस्तारित कर दिनांक 28.03.2024 समय दोपहर 12:00 बजे तक किया जाता है, एवं उक्त निविदा को उसी दिन 28.03.2024 को दोपहर 1:15 बजे इच्छुक निविदा दाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा सूचना से सम्बंधित अन्य सूचनाएं व शर्तें पूर्ववर्त रहेंगी।
श्री रमेश कुमार
वरि. राज्य विपणन प्रबंधक
30, आकाशदीप कॉलोनी, चकराता रोड, देहरादून,
उत्तराखंड, पिन कोड-248001, फोन न० 0135 -2539294
ई-मेल पता-smokribhcoddn@yahoo.co.in


समस्त क्षेत्रवासियों को
होली पर्व की
हार्दिक शुभकामनायें
सीए शिव अरोरा
विधायक:रुद्रपुर विधानसभा


समस्त क्षेत्रवासियों
को होली पर्व
की हार्दिक
शुभकामनायें
जे.बी. सिंह
वरिष्ठ समाजसेवी, रुद्रपुर
NC
ISO 9001 : 2008
NATIONAL
CONSTRUCTION
16, Avas Vikas, Opp. PAC Gate, Nainital Road
Rudrapur(U.S. Nagar) Ph.: 05944-240084
E-mail: national.cc@rediffmail.com


समस्त क्षेत्रवासियों को होली पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें
Happy Holi
पुनीत अग्रवाल
प्रबन्ध निदेशक
MARUTI SUZUKI
Way of Life!
Akanksha
AUTOMOBILES (R) PVT. LTD.
Kichha Bypass Road, Rudrapur (U.S.Nagar)


समस्त क्षेत्रवासियों को
होली पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें
पंकज बांगा


समस्त क्षेत्रवासियों को
होली पर्व की
हार्दिक शुभकामनायें
विजय भूषण गर्ग
वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष
एवं कुमाऊ मंडल प्रभारी
प्रदेश अग्रवाल महासभा,उत्तराखण्ड
मै. विजय फिलिंग स्टेशन,लालपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को
होली पर्व की
हार्दिक शुभकामनायें
सजल अग्रवाल
संजय अग्रवाल
डायरेक्टर
सावित्री देवी इण्डस्ट्रीज
उच्च कोटि चावल के निर्माता
ग्राम कीरतपुर, काशीपुर रोड, महानगर रुद्रपुर मो. 9837076834


समस्त क्षेत्रवासियों को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
जय गुरुदेव इण्डस्ट्रीज
बंशीधर गुम्बर
आंशू गुम्बर
रोहित गुम्बर
C-19/20, इण्डस्ट्रियल इस्टेट, किच्छा बाईपास रोड, रुद्रपुर
Ph.: 05944-243503, 9412034731, 9568880000


समस्त क्षेत्रवासियों को होली पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें
चन्द्रकेश यादव
तिरुपति कन्वेसिंग एजेन्ट
तिरुपति पैडी प्रोडक्टस


समस्त प्रदेशवासियों को होली पर्व
की हार्दिक शुभकामनाऐं
KUMAR AUTOWHEELS PVT .LTD.
(A unit of Kumar Group of Industries)
(Full Range Dealer of Mahindra & Mahindra Lt.d)
Kichha Bypass Road, Rudrapur,Distt-U.S. Nagar (Uttarakhand) Mobile:- +91-8191817744,+91-8449101234
Mobile:- Rudrapur +91- 8191899082, Sitarganj-+91- 8193899109, Khatima- +91- 8191899023
Corporate Office.: Compound Kumar Oxygen, Rampur Road, Rudrapur (U.S. Nagar)


समस्त क्षेत्रवासियों को
होली पर्व की
हार्दिक शुभकामनायें
सुरेश गौरी
निवर्तमान पार्षद,नगर निगम, रुद्रपुर (उधमसिंहनगर)

# विधायक समेत दस भाजपा नेता कोर्ट से दोषमुक्त

## 2022 के विधानसभा चुनाव में नामांकन के दौरान दर्ज हुआ था केस

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। 2022 के विधानसभा चुनाव में नामांकन के दौरान वर्तमान विधायक शिव अरोरा समेत दस भाजपा नेताओं पर दर्ज हुए केस में शुक्रवार को मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी ने अहम फैसला सुनाते हुए साक्ष्यों के अभाव में सभी आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया। बता दें 2022 के विधानसभा चुनाव में 28 जनवरी 2022 को भाजपा प्रत्याशी शिव अरोरा का कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन था। इस दौरान जिले में वरिंदरजीत सिंह कप्तान थे। नामांकन के दौरान भाजपा प्रत्याशी शिव अरोरा और उनके साथ आये भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, सुरेश परिहार, तत्कालीन मेयर रामपाल सिंह, हरीश भट्ट, भारत भूषण चुघ, राजकुमार साहा, गुरमीत सिंह, के के दास, विवेक सक्सेना आदि भाजपा नेताओं के खिलाफ तत्कालीन पंतनगर थानाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह डांगी ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनिनियम 1950 की धारा 127 एवं आईपीसी की धारा 188, आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 एवं आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन का केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने 6 मार्च 2022 को



चार्जशीट दाखिल की। मामले की सुनवाई माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में हुई। सभी आरोपियों पर 21 सितम्बर 2023 को आरोप तय हुए। अभियोजन ने मामले में छह गवाह पेश किये। ये सभी गवाह पुलिस के थे। इनमें जनता का कोई भी गवाह नहीं था। मामले में 21 फरवरी 2024 को सभी आरोपियों के बयान हुए। शुक्रवार को माननीय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी की अदालत में सुनवाई हुयी। साक्ष्यों के अभाव में माननीय न्यायाधीश ने वर्तमान विधायक शिव अरोरा समेत सभी आरोपियों को दोषमुक्त करार देकर बरी कर दिया। मुकदमे में भाजपा नेताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता दिवाकर पाण्डे, परवेज आलम, शिव सक्सेना, नवीन ठुकराल, अंकित सिडाना, एस के सिंह सहित कई अधिवक्ताओं ने पैरवी करते हुए आरोपों को झूठा साबित कर दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता दिवाकर पाण्डे ने बताया कि न्याय की जीत हुयी हुयी है। यह मुकदमा पूरी तरह से राजनैतिक द्वेष भावना से दर्ज किया गया था। पुलिस ने जो आरोप लगाये थे वह निराधार थे। साक्ष्य के रूप में पुलिस ने जो फोटो ग्राफ प्रस्तुत किये वह उन्हें वह ऑरिजनल प्रस्तुत नहीं कर पाये। साथ ही गवाहों में सामंजस्य नहीं था। जिससे साफ जाहिर हो रहा था कि मुकदमा पूरी तरह राजनैतिक विद्वेषवश दर्ज किया गया है। अधिवक्ता दिवाकर पाण्डे ने कहा कि यह फैसला ऐसे समय आया है जब वर्तमान में भी आचार संहिता लागू है। यह फैसला प्रशासन के लिए नजीर है। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने फैसले पर हर्ष व्यक्त करे हुए न्यायालय के फैसले का स्वागत किया। उन्होनें कहा कि सच्चाई की जीत हुयी हैं। यह मुकदमा पूरी तत्कालीन एसएसपी वरिंदरजीत सिंह के इशारे पर जानबूझकर दर्ज किया गया था।




# गोलज्यू स्थापना समिति ने धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गोलज्यू स्थापना समिति राजेन्द्र नगर के अध्यक्ष रविंद्र बाली के नेतृत्व में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समरसता को देखते हुए हर समाज के लोगो ने भाग लिया। कार्यक्रम में रेनू अधिकारी,



शैलेंद्र बाली, रीना बाली, अंजू बाली, चित्रा सुयाल, दीप्ति गुरुरानी, गीता जोशी, पूनम जोशी, विजय लक्ष्मी चौहान, भगवती देवी, नंदी देवी, दीपा माहेश्वरी, अनुराग अग्रवाल, कमलेश जोशी, हितेश चंद्र शर्मा, पवन बिष्ट, संजीव कुवर, हरिमोहन अरोड़ा, भुवन जोशी, जीवन चंद्र आर्य, आनंद आर्य, गणेश आर्य, राधेश्याम रावत, राशि जैन, प्रणय बाली, पवन साहू, शशिकांत साहू, रवि कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# दिनेशपुर पहुंचने पर विप्रजीत विश्वास का किया स्वागत

गदरपुर (उद संवाददाता)।भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक काशीपुर बनने के बाद प्रथम बार दिनेशपुर आगमन पर डॉक्टर विप्रजीत विश्वास 'सोनू 'का प्राइवेट डॉक्टर एसोसिएशन दिनेशपुर द्वारा स्वागत किया गया । डॉक्टर विप्रजीत विश्वास ने कहा कि पार्टी ने जो दायित्व उन्हें दिया हैं उस दायित्व को पूरी निष्ठा निर्वहन करने का प्रयास करेंगे और चिकित्सकों की समस्याओं का सरकार तक पहुंचाकर उनके निवारण का प्रयास करेंगे। उन्होनें कहा कि अबकी बार लोकसभा चुनाव में हम सभी मिलकर भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार को जिताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प अबकी बार 400 पार को पूरा करेंगे। स्वागत करने वालों में पूर्व चेयर



पर्सन सीमा सरकार, भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष हिमांशु सरकार डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर राय, डॉ अनामी विश्वास, डॉ दीपांकर मंडल, डॉ गौरव श्रीवास्तव, डॉ एसके शर्मा, डॉ नारायण सरकार, अरुण बठला, मयंक अग्रवाल, डॉ गणपति विश्वास, आशीष भारद्वाज आदि द्वारा स्वागत किया गया।

# एसपी सिटी ने शांति कमेटी की बैठक में लिए सुझाव

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र द्वारा कोतवाली मीटिंग हॉल में होली तथा रमजान के त्योहार के चलते शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों की शांति कमेटी के साथ बैठक का आयोजन किया गया। एसपी सिटी द्वारा वर्तमान में लोकसभा निर्वाचन संबधी आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के दौरान होली और रमजान के त्योहारों में सभी महत्वपूर्ण अनुदेशों का पालन करने, त्योहारों का शांतिपूर्वक आयोजन करते हुए सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने की अपील की गई। नितिन लोहनी सीओ तथा हल्द्वानी सर्किल के सभी थाना प्रभारियों को इन त्योहारों के दौरान आवश्यक सुरक्षा प्रबंध करने के निर्देश दिए गए। स्थानीय लोगों और समिति के सदस्यों से इन त्योहारों के दौरान आवश्यक सेवाख्र बिजली, पानी आदि से संबंधित समस्या से रूबरू होते हुए संबंधित कार्यदाई संस्था से समन्वय स्थापित करते हुए इन सेवाओं को सुचारू करने का आश्वाशन दिया गया। सभी से उनके सुझाव जानकर त्योहारों के दौरान अपनेख्रअपने क्षेत्रों में साफ सफाई का विशेष ध्यान देने की अपील भी की गई। इस दौरान बैठक में



सिटी मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी, खाद्य निरीक्षक, उमेश कुमार मलिक प्रभारी निरीक्षक, विमल कुमार मिश्रा थानाध्यक्ष काठगोदाम, नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा, पंकज जोशी थानाध्यक्ष मुखानी, जल संस्थान विद्युत विभाग व नगर निगम के अधिकारी समेत व्यापार मंडल, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा क्षेत्र के धार्मिक अनुयाई समेत अभिसूचना इकाई तथा थाना पुलिस बल उपस्थित रहे।






## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# केजरीवाल की गिरफ्तारी

देश के जनप्रतिनिधियों के भ्रष्टाचार में शामिल होना एक गंभीर चिंतन का विषय है और उस पर किसी राज्य के मुख्यमंत्री का ऐसे मामलों में शामिल होना बेहद गंभीर है। पूर्व में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं जिसमें कुछ मुख्यमंत्रियों को न्यायालय में सुनवाई के बाद सजा भी सुनाई जा चुकी है। आखिरकार ऐसे जनप्रतिनिधि देश वासियों को क्या संदेश देना चाहते हैं? बहुचर्चित चारा घोटाला सहित कई घोटाले आज भी लोगों की जुबान पर हैं। अब शराब घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। दूसरों को समय समय पर कानून का पाठ पढ़ाने वाले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कथित शराब घोटाला मामले में नौ बार समन भेजने के बाद भी पूछताछ के लिए नहीं गए। वे खुद को पाक साफ बताते हुए प्रवर्तन निदेशालय के समन को अवैध और राजनीति से प्रेरित बताते रहे। फिर उन्होंने कहा कि अगर ईडी अदालत का आदेश ले आए, तो वे पूछताछ के लिए हाजिर हो जाएंगे। जब उन्हें लगने लगा कि जांच एजेंसियां उन्हें गिरफ्तार कर सकती हैं, तो उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय में गुहार लगाई कि आम चुनाव तक उनके खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। इस पर अदालत ने कोई फैसला नहीं दिया। इस मौके का फायदा उठाते हुए प्रवर्तन निदेशालय ने उनके आवास पर छापा मारा और कुछ देर बातचीत करने के बाद उन्हें अपने दफ्तर ले गई, फिर गिरफ्तार कर लिया। हालांकि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की आशंका उसी समय से जताई जा रही थी, जब उन्हें चौथा समन भेजा गया था। खुद आम आदमी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता भी सार्वजनिक मंचों से कहते फिर रहे थे कि केंद्र सरकार अरविंद केजरीवाल को कभी भी गिरफ्तार करवा सकती है। इसी हफ्ते सीबीआई ने जब कहा कि शराब घोटाला मामले में अभी कुछ और बड़े लोग गिरफ्तार होंगे। तब पक्का हो गया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जल्दी ही सलाखों के पीछे होंगे। कथित शराब घोटाले को लेकर पिछले एक-डेढ़ वर्ष से खूब सियासत भी हुई है। आम आदमी पार्टी की सरकार पर आरोप है कि उसने गलत तरीके से नई आबकारी नीति बनाई और भारी रिश्वत लेकर लोगों को शराब के ठेके बांट दिए। इस आरोप में आम आदमी के कई नेता और दिल्ली सरकार के अधिकारी गिरफ्तार हो चुके हैं। भारत राष्ट्र समिति की नेता और केसीआर की बेटी के कविता को भी इस घोटाले में संलिप्तता के आरोप में पिछले हफ्ते गिरफ्तार कर लिया गया। प्रवर्तन निदेशालय का कहना है कि इस पूरे घोटाले के मुख्य षड्यंत्रकारी केजरीवाल हैं। इस तरह उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। इस मामले के कानूनी पहलू तो अदालत में सुलझेंगे, पर केजरीवाल पर सबसे बड़ा सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि आखिर वे इतने समय तक क्यों जांच एजेंसियों के सवालों से बचने का प्रयास करते रहे। जैसा कि वे दावा करते न थकते थे कि आम आदमी पार्टी कट्टर ईमानदार पार्टी है और उसके पास कुछ भी छिपाने को नहीं है, तो फिर उन्हें कथित शराब घोटाले में सफाई से क्यों बचते फिरना चाहिए था। क्या वे इस बात से अनजान थे कि प्रवर्तन निदेशालय के समन की अवहेलना से उनके खिलाफ मुकदमा बन सकता है। इसी समय को उसने क्यों चुना, जब लोकसभा चुनाव की तारीखें घोषित हो चुकी हैं। इससे आम आदमी पार्टी का यह तर्क पुख्ता होता जान पड़ता है कि जांच एजेंसियों ने केंद्र के इशारे पर केजरीवाल को चुनाव प्रचार से दूर रखने के मकसद से ऐसा किया। मगर इन राजनीतिक आरोपों-प्रत्यारोपों और ईडी की कार्रवाई के बाद भी लोगों के मन में यह भ्रम की स्थिति बनी हुई है कि क्या वास्तव में शराब घोटाला हुआ है।

# सामाजिक समरसता का पर्व और गुलाल का टीका

होली शायद दुनिया का एकमात्र ऐसा त्यौहार है,जो सामुदायिक बहुलता की समरसता से जुड़ा है। इस पर्व में मेल-मिलाप का जो आत्मीय भाव अंतर्मन से उमड़ता है, वह सांप्रदायिक अतिवाद और जातीय जड़ता को भी ध्वस्त करता है। फलस्वरूप किसी भी जाति का व्यक्ति उच्च जाति के व्यक्ति के चेहरे पर गुलाल मल सकता है और आर्थिक रूप से विपन्न व्यक्ति भी धनकुबेर के भाल पर गुलाल का टीका लगा सकता है। यही एक ऐसा पर्व है,जब दफ्तर का चपरासी भी उच्चाधिकारी के सिर पर रंग उड़ेलने का अधिकार अनायास पा लेता है और अधिकारी भी अपने कार्यालय के सबसे छोटे कर्मचारी को गुलाल लगाते हुए, आत्मीय भाव से गले लगा लेता है। वाकई रंग छिड़कने का यह होली पर्व उन तमाम जाति व वर्गीय वर्जनाओं को तोड़ता है, जो मानव समुदायों के बीच असमानता बढ़ाती हैं। गोया, इस त्यौहार की उपादेयता को और व्यापक बनाने की जरूरत है।होली का पर्व हिरण्यकश्यप की बहन होलिका के दहन की घटना से जुड़ा है। ऐसी लोक-प्रचलन में मान्यता है कि होलिका को आग में न जलने का वरदान प्राप्त था। अलबत्ता उसके पास ऐसी कोई वैज्ञानिक तकनीक थी, जिसे प्रयोग में लाकर वह अग्नि में प्रवेश करने के बावजूद नहीं जलती थी। चूंकि होली को बुराई पर अच्छाई के पर्व के रूप में माना जाता है, इसलिए जब वह अपने भतीजे प्रहलाद को विकृत व क्रूर मानसिकता के चलते गोद में लेकर प्रज्वलित आग में प्रविष्ट हुई तो खुद तो जलकर खाक हो गई, किंतु प्रहलाद बच गए। उसे मिला वरदान सार्थक सिद्ध नहीं हुआ, क्योंकि वह असत्य और अनाचार की आसुरी शक्ति में बदल गई थी। इसी कथा से मिलती-जुलती चीन में एक कथा प्रचलित है, जो होली पर्व मनाने का कारण बनी है। चीन में भी इस दिन पानी में रंग घोलकर लोगों को बहुरंगों से भिगोया जाता है। चीनी कथा भारतीय कथा से भिन्न जरुर है, लेकिन आखिर में वह भी बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। चीन में होली का नाम है, फोश्वेई च्ये' अर्थात् रंग और पानी से सराबोर होने का पर्व। यह त्योहार चीन के युतांन जाति की अल्पसंख्यक ताएं' नामक जाति का मुख्य त्योहार माना जाता है। इसे वे नए वर्ष की शुरुआत के रुप में भी मनाते हैं। इस पर्व से जुड़ी कहानी है कि प्राचीन समय में एक दुर्दांत अग्नि-राक्षस ने शचिंग हुग' नाम के गांव की उपजाऊ कृषि भूमि पर कब्जा कर लिया। राक्षस विलासी और भोगी प्रवृत्ति का था। उसकी छह सुंदर पत्नियां थीं। इसके बाद भी उसने चिंग हुग गांव की ही एक खूबसूरत युवती का



अपहरण करके उसे सातवीं पत्नी बना लिया। यह लड़की सुंदर होने के साथ वाक्पटु और बुद्धिमति थी। उसने अपने रूप-जाल के मोहपाश में राक्षस को ऐसा बांधा कि उससे उसी की मृत्यु का रहस्य जान लिया। राज यह था कि यदि राक्षस की गर्दन से उसके लंबे-लंबे बाल लपेट दिए जाएं तो वह मृत्यु का प्राप्त हो जाएगा। एक दिन अनुकूल अवसर पाकर युवती ने ऐसा ही किया। राक्षस की गर्दन उसी के बालों से सोते में बांध दी। इन्हीं बालों से उसकी गर्दन काटकर धड़ से अलग कर दी। लेकिन वह अग्नि-राक्षस था, इसलिए गर्दन कटते ही उसके सिर में आग प्रज्वलित हो उठी और सिर धरती पर लुढ़कने लगा। यह सिर लुढ़कता हुआ जहां-जहां से गुजरता वहां-वहां आग प्रज्वलित हो उठती। इस समय साहसी और बुद्धिमान लड़की ने हिम्मत से काम लिया और ग्रामीणों की मदद लेकर पानी से आग बुझाने में जुट गई। आखिरकार बार-बार प्रज्वलित हो जाने वाली अग्नि का क्षरण हुआ और धरती पर लगने वाली आग भी बुझ गई। इस राक्षसी आतंक के अंत की खुशी में ताएं जाति के लोग आग बुझाने के लिए जिस पानी का उपयोग कर रहे थे, उसे एक-दूसरे पर उड़ेल कर झूमने लगे। और फिर हर साल इस दिन होली मनाने का सिलसिला चल निकला। ऐतिहासिक व पौराणिक साक्ष्यों से पता चलता है कि होली की इस गाथा के उत्सर्जन के स्रोत पाकिस्तान के मुल्तान से जुड़े हैं। यानी अविभाजित भारत से। अभी भी यहां भक्त प्रहलाद से जुड़े मंदिर के भग्नावशेष मौजूद हैं। वह खंबा भी मौजूद है, जिससे प्रहलाद को बांधा गया था। भारत विभाजन के बाद पाकिस्तान में हिंदू धर्म से जुड़े मंदिरों को नेस्तनाबूद करने का जो सिलसिला चला, उसके थपेड़ों से यह मंदिर भी लगभग नष्टप्राय: हो गया है ,लेकिन चंद अवशेष अब भी मुलतान में मौजूद हैं। यहां भी अल्पसंख्यक हिंदू होली के उत्सव को मानते हैं। वसंत पंचमी भी यहां वासंती वस्त्रों में सुसज्जित महिलाएं मनाती हैं और हिंदु पुरूष पतंगें उड़ाकर अपनी खुशी प्रगट करते हैं। जाहिर है, यह पर्व पाकिस्तान जैसे अतिवादियों के देश में सांप्रदायिक सद्भाव के वातावरण का निर्माण करता है। गोया,होली व्यक्ति की मनोवृत्ति को लचीली बनाने का काम करती है। वैदिक युग में होली को नवान्नेष्टि यज्ञ कहा गया है। क्योंकि यह वह समय होता है, जब खेतों से पका अनाज काटकर घरों में लाया जाता है। जलती होली में जौ और गेहूं की बालियां तथा चने के बूटे भूनकर प्रसाद के रूप में बांटे जाते हैं। होली में भी बालियां होम की जाती हैं। यह लोक-विधान अन्न के परिपक्व और आहार के योग्य हो जाने का प्रमण है। इसलिए वेदों में इसे नवान्नेष्टि यज्ञ' कहा गया है। मसलन अनाज के नए आस्वाद का आगमन। यह नवोन्मेष खेती-किसानी की संपन्नता का द्योतक है,जो ग्रामीण परिवेश में अभी भी विद्यमान है। गोया यह उत्सवधर्मिता आहार और पोषण का भी प्रतीक है, जो धरती और अन्न के सनातन मूल्यों को एकमेव करता है। होली का सांस्कृतिक महत्व श्मधुश अर्थात मदन से भी जुड़ा है। संस्कृत और हिंदी साहित्य में इस मदनोत्सव को वसंत ऋृतु का प्रेमाख्यान माना गया है। वसंत यानी शीत और ग्रीष्म ऋृतुओं की संधि -वेला। अर्थात एक ऋृतु का प्रस्थान और दूसरी ऋृतु का आगमन। यह वेला एक ऐसे प्राकृतिक परिवेश को रचती है, जो मधुमय होता है,रसमय होता है। मधु का ऋृगवेद में खूब उल्लेख है। क्योंकि इसका अर्थ है,संचय से जुटाई गई मिठास। मधु-मक्खियां अनेक प्रकार के पुष्पों से मधु जुटाकर एक स्थान पर संग्रह करने का काम करती हैं। जीवन का मधु संचय का यही संघर्ष जीवन को मधुमयी बनाने का काम करता है। होली को श्मदनोत्सवश भी कहा गया है। क्योंकि इस रात चंद्रमा अपने पूर्ण आकार में होता है। इसी शीतल आलोक में भारतीय स्त्रियां अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना करती हैं। लिंग-पुरण में होली को श्फाल्गुनिकाश्की संज्ञा देकर इसे बाल-क्रीड़ा से जोड़ा गया है। मनु का जन्म फाल्गुनी को हुआ था,इसलिए इसे श्मन्वादि तिथिश भी कहते हैं। भविष्य-पुराण में भूपतियों से आवाह्न किया गया है कि वे इस दिन अपनी प्रजा को भय-मुक्त रहने की घोषणा करें। क्योंकि यह ऐसा अनूठा दिन है, जिस दिन लोग अपनी पूरे एक साल की कठिनाइयों को प्रतीकात्मक रूप से होली में फूंक देते हैं। इन कष्टों को भस्मीभूत करके उन्हें जो शांति मिलती है, उस शांति को पूरे साल अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए ही भविष्य-पुराण में राजाओं से प्रजा को अभयदान देने की बात कही गई है। भारतीय कुटुंब की भावना इस दर्शन में अंतर्निहित है। अर्थात होली के सांस्कृतिक महत्व का दर्शन नैतिक, धार्मिक और सामाजिक आदर्शों को मिलाकर एकरूपता गढ़ने का काम करता है। तय है, होली के पर्व की विलक्षण्ता में कृषि, समाज, अर्थ और सद्भाव के आयाम एकरूप हैं। इसलिए यही एक ऐसा अद्वितीय पर्व है, जो सृजन के बहुआयामों से जुड़ा होने के साथ-साथ सामुदायिक बहुलता के आयाम से भी जुड़ा है।

**-प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**

# भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा ने दिग्गजों के साथ किया नामांकन

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। अल्मोड़ा संसदीय सीट पर भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। सादगी के साथ वह नामांकन पत्र दाखिल करने कलक्ट्रेट पहुंचे और जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर को नामांकन पत्र सौंपा। इस दौरान उनकी पत्नी सोनम टम्टा भी मौजूद रहीं। अल्मोड़ा संसदीय सीट पर भाजपा नामांकन पत्र दाखिल करने में अव्वल रही। पार्टी प्रत्याशी अजय टम्टा ने शुक्रवार को विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद कलक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या, डीडीहाट विधायक विशन सिंह चुफाल, कपकोट विधायक सुरेश गढिया, रानीखेत विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश





शर्मा भी कलक्ट्रेट पहुंचे। उनके नामांकन पत्र दाखिल करने पर सभी नेताओं के साथ ही पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। वहीं सीएम धामी ने अल्मोड़ा पहुंचकर जनसभा की। यहां पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका फूलमालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी को देवभूमि उत्तराखंड से विशेष लगाव है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री के रूप में मोदी पहली बार पिथौरागढ़ के गुंजी, आदि कैलाश, अल्मोड़ा के जागेश्वर पहुंचे। उनके यहां पहुंचने से पर्यटक कारोबार को गति मिली है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने ना केवल वोट बैंक की राजनीति की है बल्कि वंशवाद, जातिवाद को बढ़ावा दिया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बना है। उनके अगले कार्यकाल में देश तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा, यह तय है। कहा यही कारण है कि देश में विपक्ष के नेता भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं। हालात यह है कि विपक्ष के महागठबंधन को खोजने से भी प्रधानमंत्री के रूप में दूसरा चेहरा नहीं मिल पा रहा है। उत्तराखंड में अन्य दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाजपा की सदस्यता ली है। हालात यह हैं कि बाहर से पार्टी में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं की संख्या अधिक होने पर प्रदेश अध्यक्ष को सदस्यता अभियान पर ब्रेक लगाना पड़ा है। उन्होंने कहा सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर इस बार अल्मोड़ा लोकसभा सीट पर प्रत्याशी अजय टम्टा को भारी मतों से विजयी बनाकर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करना होगा। जनसभा में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या, सौरभ बहुगुणा सहित कई नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे। इसके साथ ही सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हाल ही में हमने राज्य में समान नागरिक संहिता लागू कर महिलाओं को समान अधिकार दिलाने का काम किया है। जिस तरह गंगा उत्तराखंड से निकलती है और पूरे देश को जल और जीवन देने का काम करती है, उसी तरह यूसीसी देश के अन्य राज्यों को रास्ता दिखाएगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा सीट से अजय टम्टा के नामांकन दाखिल करने के बाद उनसे मुलाकात की और शुभकामनाएं दी।

# पुरानी परंपराओं को छोड़ त्रिवेंद्र ने किया पहला डिजिटल नामाकंन

देहरादून(उद संवाददाता)। हरिद्वार लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने डिजिटल नामांकन दाखिल कर अपने नाम एक रिकॉर्ड दर्ज करा लिया है। त्रिवेंद्र सिंह रावत डिजिटल नामांकन कराने वाले देश के दूसरे और उत्तराखंड के प्रत्याशी बन गए हैं। पहला रिकॉर्ड पश्चिम बंगाल से बसपा उम्मीदवार का है। वहीं पुरानी परंपराओं को छोड़ डिजिटल नामाकंन करने के बाद बीजेपी प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने इसके फायदे भी बताए हैं। बता दें कि ये पहली बार है जब भारतीय चुनाव आयोग ने डिजिटल बनने की ओर कदम बढ़ाए हैं। उम्मीदवारों के लिए पहली बार ऑनलाइन नॉमिनेशन की सुविधा दी जा रही है। इससे जहां समय की बचत तो होगी ही साथ ही घर बैठे ही आसानी से नामांकन हो सकेगा। वहीं उत्तराखंड में त्रिवेंद्र सिंह रावत डिजिटल नामांकन कराने वाले पहले प्रत्याशी बन गए हैं। 22 मार्च को उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और हरिद्वार लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने पूर्व सीएम डा. रमेश पोचारियाल निशंक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक सहित अन्य वरिश्ठ नेताओं के साथ हरिद्वार जिला बीजेपी कार्यालय से अपना नामांकन कराया। खास बात ये थी कि त्रिवेंद्र सिंह रावत ने डिजिटल नामांकन यानी ऑनलाइन नॉमिनेशन करवाया। इसके साथ ही त्रिवेंद्र रावत डिजिटल नामांकन करने वाले देश के




दूसरे प्रत्याशी बने हैं। इससे पहले पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार सीट से बसपा उम्मीदवार बिनोद मौलिक के नाम डिजिटल नामांकन कराने का पहला रिकॉर्ड दर्ज है। वहीं, हरिद्वार लोकसभा सीट से डिजिटल नामांकन कराने के बाद त्रिवेंद्र सिंह रावत भावुक भी हुए। इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट कर दी। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा है, हरिद्वार लोकसभा सीट से बीजेपी के सांसद पद प्रत्याशी के रूप में डिजिटल नामांकन दाखिल करते समय हृदय भावुक भी था और मन उत्सुकता से परिपूर्ण भी। डोईवाला से बतौर विधायक चुने जाने से लेकर आज तीर्थनगरी हरिद्वार से सांसद पद के लिए नामांकन भरना भावनाओं से भरा रहा। वहीं, त्रिवेंद्र रावत ने आगे लिखा है, जनता और ईश्वर के आशीर्वाद ने मुझे जन सेवा का अवसर दिया और अबतक के सफर को जीने का साहस। अब एक नई यात्रा की शुरुआत होने को है। मैं हरिद्वार की जनता को आश्वस्त करता हूं कि हर कदम आपके साथ चलूंगा। हर सुख दुख में खड़ा मिलूंगा। विकास की बयार रुकने नहीं वाली है। पीएम मोदी के विजनरी नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र पर बीजेपी के कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए आज पूरा देश तैयार है। हर कोई मोदी का परिवार है।

# स्वयं सेवकों को दिलाई मतदाता जागरूकता शपथ

काशीपुर/गदरपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने सात दिवसीय विशेष शिविरों का निरीक्षण कर,दिन रात के शिविर में स्वयं सेवकों द्वारा चलाए जा रहे जन जागरूकता कार्यक्रमों का जायजा लियाइस अवसर पर मतदाता जागरूकता शपथ भी दिलाई गई। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज काशीपुर के विशेष शिविर राजकीय प्राथमिक विद्यालय रेलवे में पहुंच कर जिला



समन्वयक धर्मेंद्र बसेड़ा ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के शिविरों में प्रतिभाग कर स्वयं सेवक समाज के साथ साथ अपना चारित्रिक विकास कर पाते हैं। स्वयं सेवक शिविर में सीखी बातों को समाज के उत्थान में लगाएएन एस एस से प्राप्त प्रमाण पत्रोंसे स्वयं सेवक अपना कैरियर बना सकते हैंइस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी हेमा बिष्ट,स्वेता सक्सेना,अनिल कुमार मनोरी सहित बच्चे शामिल थे।

# सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी लोकतंत्र की हत्याः रविन्द्र आनंद

देहरादून (उद संवाददाता)। आप नेता एवं पूर्व राज्य मंत्री रविंद्र सिंह आनंद ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि ई डी द्वारा अरविंद केजरीवाल को जो गिरफ्तार किया गया है बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है, उन्होंने इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया। उन्होंने कहा ऐसा पहली बार हुआ है कि कोई सिटिंग चीफ मिनिस्टर को गिरफ्तार किया गया हो। वे इसकी निंदा करते है। उन्होंने कहा कि इसके पीछे जो केंद्र सरकार का इशारा है, जो केंद्र सरकार की चाल है, केंद्र सरकार नहीं चाहती कि अरविंद केजरीवाल इस समय चुनाव प्रचार में सम्मिलित हो सके और आई एन डी आई ए (इंडिया) गठबंधन को मजबूत करने के लिए देशभर में जो उनका शेड्यूल बना हुआ था रैलियों का वो ना हो सके। रविंद्र आनंद ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की फैन फॉलोइंग बहुत जबरदस्त है और केंद्र सरकार को लगता है कि इस बार जो उन्होंने 'अबकी बार 400 पार' का नारा दिया है उस पर अरविंद केजरीवाल चोट करते नजर आ रहे थे इसलिए ई डी को इशारा करते हुए केंद्र सरकार ने उनको गिरफ्तार करवाया है रविंद्र आनंद ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सुरक्षा ई डी के लॉकअप में कैसी होगी क्योंकि वहां पर कोई आज नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि इस वक्त पूरे देश में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन करेंगे और कर रहे है। अरविंद केजरीवाल एक विचारध ारा है, सोच है उसके पीछे जो लाखों लोग हैं सड़कों पर आज उतरने को मजबूर है।



# होली और ईद पर बनाएं रखें शांति व्यवस्था

कालाढूंगी(उद संवाददाता)। होली एवं ईदुल फितर के मद्देनजर थाना कालाढूंगी में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी बीएस भंडारी ने सभी लोगों से होली और ईद के त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली पर कुछ हुड़दंगी रंग में भंग डालने का काम करते हैं, जबकि ईद पर कुछ बाइकर्स इधर उधर हुडदंग करते दिखाई देते हैं, उन्होंने कहा हुड़दंगियों से सख्ती के साथ निपटा जाएगा। सीओ भंडारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर नाबालिग को बाइक या कोई वाहन चलाते पकड़ा जाता है तो उनके अभिभावक के विरुद्ध मुकदमा लिखा जाएगा। कहा कि कालाढूंगी थाना



क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना, असामाजिक तत्वों, अपराधियों एवं नशा माफियाओं पर नकेल कसना पुलिस की पहली प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति पर जबरदस्ती रंग न लगाएं और जोर की आवाज में डीजे न बजाएं। दौरान तहसीलदार संजय कुमार कोहली, थानाध्यक्ष भगवान महर, एलआईयू इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह नेगी, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष पुष्कर कत्यूरा, व्यापार मंडल अध्यक्ष मयंक मेहरा, पुष्कर खनायत, जामा मस्जिद सदर वकील अहमद, दीवान सिंह बिष्ट, ललित कांडपाल, दीपक बनौला, चंद्र शेखर कांडपाल, मो, दानिश, अली हुसैन, गंगा सामंत, गुड्डू चौहान, जीवन भट्ट, गोपाल बुधलाकोटी, मेहमूद हसन बंजारा, कविता वालिया, कमल जंतवाल आदि उपस्थित थे।

# अग्निकाण्ड पीड़ित परिवार को बंधाया ढांढस

रूद्रपुर। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राज कोली के घर में आग लगने की सूचना पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और पीड़ित परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया। इस दौरान राज कोली ने बताया कि अग्निकाण्ड में लगभग तीन से चार लाख का नुकसान हुआ है।



# कुंडेश्वरी पुलिस ने शराब के ठिकाने पर की छापामार कार्यवाही

काशीपुर(उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध कच्ची शराब के एक ठिकाने पर छापामारी कर वहां से दो शराब कारोबारियों को दबोचते हुए मौके से 510 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम ने लगभग 3000 लीटर लहन नष्ट कर दिए। पुलिस टीम की इस कार्यवाही से अवैध कच्ची शराब के कारोबारियों में भारी हड़कंप देखा गया। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि चौकी प्रभारी राजेंद्र प्रसाद को पिछले कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि जुड़का नंबर दो के जंगली इलाके में कुछ लोग कानून की आंख में धूल झोंककर अवैध कच्ची शराब की कसीदगी में लिप्त है। इसी सूचना पर हरकत में आई पुलिस टीम ने चौकी प्रभारी के नेतृत्व में छापामार कार्यवाही करते हुए मौके से काशीपुर निवासी राजा उर्फ राजन तथा जुड़का नंबर दो कुंडेश्वरी निवासी नन्हे पुत्र खेम सिंह को दबोच लिया। पुलिस की कार्यवाही से शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया। कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम ने शराब के अड्डे से 510 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए लगभग 3000 लीटर लहन नष्ट कर दिया। पुलिस टीम ने भट्टियां भी ध्वस्त कर दी। चौकी प्रभारी राजेंद्र प्रसाद ने जरायम कारोबार से जुड़े लोगों को तल्ख हिदायत देते हुए कहा कि क्षेत्र में यदि कोई नशे से जुड़े कारोबार में लिप्त पाया गया तो उसकी खैर नहीं। कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी चौकी राजेंद्र प्रसाद, उप निरीक्षक संतोष देवरानी, कांस्टेबल मुकेश कुमार संतोष फर्त्याल व कुलदीप शामिल रहे।

# अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक मूल्यों का हननः सुभाष

गदरपुर(उद संवाददाता)। आम आदमी पार्टी काशीपुर के जिला अध्यक्ष सुभाष व्यापारी व रुद्रपुर के जिला अध्यक्ष जसपाल सिंह ने प्रेस वार्ता में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को अवैधानिक बताते हुए विरोध जताया है। सुभाष व्यापारी ने कहा केंद्र सरकार देश की सर्वोच्च स्वायत एजेंसी का दुरुपयोग कर लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन कर रही है। ईडी,सीबीआई को एक टूल किट की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। केंद्र की मोदी सरकार को आगामी लोकसभा चुनाव में हार का डर सताने लगा है। इसलिए विपक्षी नेताओं को एक–एक कर जेल भेजने का काम कर रहे हैं। चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी स्पष्ट संदेश दे रही है कि भाजपा का 400 पर का नारा हवा हवाई है। नरेंद्र मोदी को सबसे ज्यादा डर अरविंद केजरीवाल से लगता है। रुद्रपुर के जिला अध्यक्ष जसपाल सिंह ने कहा एक के बाद एक चार बड़े नेताओं को जेल भेज कर आम आदमी पार्टी को खत्म करने का षडयंत्र भाजपा कर रही है। परंतु आम आदमी पार्टी का एक एक कार्यकर्ता अरविंद केजरीवाल के साथ खड़ा है। आज तक ईडी एक पैसे का भ्रष्टाचार साबित नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि आज तानाशाही का राज लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों का हनन खुलेआम हो रहा है। आम आदमी पार्टी की कामयाबी केंद्र में बैठी मोदी सरकार को हजम नहीं हो रही है और आगामी लोकसभा चुनाव मिल रही चुनोतियो से घबराकर भी विपक्षी नेताओं को फर्जी मुकदमे फंसा कर जेल भेजने का काम बीजेपी कर रही है। जिसको अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ में सकील अहमद,अब्दुस समी मौजूद रहे।

# 24 मार्च को मनाया जाएगा होलिका दहन का पर्व

हरिद्वार। इस साल होली पर कई महायोग हैं जो इस पर्व को और ज्यादा खास बना रहे हैं। ज्योतिषों का मानना है कि महायोग में होली पड़ना बेहद शुभकारी है। सभी के लिए यह मंगलकारी होगा। विधि-विधान से होली पर पूजा-अर्चना करें। ज्योतिषाचार्य रमेश सेमवाल ने बताया कि होलिका दहन का पर्व 24 मार्च को मनाया जाएगा। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि योग, वृद्धि योग, धन शक्ति योग, त्रिग्राही योग पड़ रहे हैं। इसके अलावा शनि, मंगल, शुक्र कुंभ राशि पर विराजमान रहेंगे।बुध आदित्य योग मीन राशि और राहु पर विराजमान रहेंगे। प्रतिपदा को रंग वाली होली खेली जाएगी। यह 25 मार्च को होली पर्व फाल्गुन पूर्णिमा पर मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि होली पर पड़ रहे यह महायोग बेहद लाभकारी सिद्ध होंगे। संतान के लिए अच्छे होंगे। घर में सुख-समृद्धि आएगी। ज्योतिषाचार्य पंडित सेमवाल ने बताया कि शास्त्रों में निर्देश हैं कि भद्रा रहित अवधि में होलिका दहन किया जाना चाहिए। 24 मार्च को प्रदोषकालीन पूर्णिमा है। 24 मार्च रविवार को पूर्णिमा 9.56 से आरंभ होकर 25 मार्च सोमवार दोपहर 12.30 तक रहेगी। चूंकि प्रदोष व्यापिनी पूर्णिमा केवल 24 मार्च को ही है इसलिए होलिका दहन 24 मार्च को ही किया जाना शास्त्र सम्मत है। उस दिन भद्रा 9.56 से 23.14 तक रहेगी। होलिका दहन 23 बजकर 14 मिनट से अर्द्धरात्रि (निशीथ) तक किया जाना उचित रहेगा। वहीं, होलिका पूजा पूरा दिन की जा सकती है। हालांकि भद्रा से पहले की जाए तो ज्यादा शुभकारी होगा।

# सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर बांटी मिठाई

खटीमा(उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सरकार के 2 वर्ष कार्यकाल पूरा होने पर चुनाव कार्यालय में केक काटकर एवं मिष्ठान वितरण कर खुशियां मनाई। पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता महेंद्र अधिकारी ने 2 वर्ष कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री



मनोज वाधवा, भुवन भट्ट विधानसभा सह प्रभारी संतोष अग्रवाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, नंदन सिंह खड़ायत, अशोक बत्रा, तरुण ठाकुर, भवानी भंडारी, हिमांशु बिष्ट, किशन बिष्ट, नवीन बोरा, गोपाल बोरा, राहुल सक्सेना, सुरेश जीना ,कुंदन बोरा नवल वाल्मीकी, खड़क चंद, सचिन रस्तोगी, संतोष गौरव, राशिद मिर्जा,दानिश रिजवी, हरीश पांडे,अमित पांडे,दीपक तिवारी, राहुल चौहान, गोविन्द, नवीन भट्ट, आलोक तिवारी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत शुक्रबार को चौकी शक्तिफार्म, क्षेत्रांतर्गत पुलिस टीम ने बरीत सिंह पुत्र करतार सिंह निवासी पिपलिया शक्तिफार्म को 45 पाउच कच्ची अवैध शराब समेत सिरसा रोड के पास गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी जगदीश चंद्र तिवारी ,हेड कांस्टेबल कुंदन सिंह, कॉस्टेबल भारत भूषण आदि थे।



## पेज एक का शेष...

**गौला नदी में डूबे...**दल बल के साथ मौके पर पहुंच गये। समाचार लिखे जाने तक बालक की तलाश की जा रही थी। इस दौरान बच्चों के परिजन भी मौके पर पहुंच गये उनका रो रोकर बुरा हाल हो गया। बच्चों के डूबने के लिए अवैध खनन को कारण माना जा रहा है। बताया जाता है कि इस क्षेत्र में लम्बे समय से अवैध खनन होता आ रहा है। पोकलैण्ड मशीन से बड़े पैमाने पर खनन होने से नदी में तालाब बन गये हैं और इनमें पानी भरा हुआ है। इसी तालाब में आज दो बच्चे डूब गये। लोगों में अवैध खनन को लेकर खासा रोष है।

**ऑनलाईन ट्रेडिंग का ...**दस्तावेज मांगे गये। सभी मांगे गये दस्तावेज जिसमें आधार कार्ड, पैन कार्ड , चैक प्रतिलिपी व अपनी पासपोर्ट साईज फोटो सचिन के मोबाईल पर व्हाटसअप से भेज दी गयी। इन लोगो के द्वारा इन्वेस्ट करने पर काफी प्रोफिट का लालच दिया गया। इनकी बातो पर विश्वास करके उसने 09. 11.2023 से 06.02.2024 तक कुल 304697 रूपये की धनराशि ऑनलाईन ट्रांसफर की। इसके अलावा कुछ धनराशि उसने अपने उक्त खाते से अन्य खातो में भी ट्रांसफर की गयी है। इस प्रकार उससे कुल 332980 रुपये उक्त सभी खातो में ट्रेडिंग के नाम पर ऑनाईन ट्रांसफर किये गये। इन्वेस्टमैन्ट कराने के बाद वह लगातार लास दिखाने लगे। उनसे अपने पोर्टल का रिकार्ड मांगा तो उन्होने अपशब्द भाषा का प्रयोग करते हुए नम्बर ब्लाक कर दिया। पूजा का कहना है कि उसके साथ कुल 3,32,980 रुपये की धोखाधड़ी की गयी है। पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**अज्ञात कारणों से** तहसील लोधा जिला अलीगढ़ निवासी हाल निवासी सिंह कालोनी गली नम्बर 9 कुंवर विक्रम सिंह अपना स्वयं का रोजगार करते थे और पत्नी सुरक्षा व दो बच्चों 8 वर्षीय काव्या व 3 वर्षीय युग के साथ पिछले करीब 10 वर्षो से यहां रह रहे थे। बताया जाता है कि गत सायं कुंवर विक्रम सिंह सिडकुल की एक फैक्ट्री से घर वापस लौटे थे और बच्चों के लिए समोसे व टिकिया भी लेकर आये थे। कुछ देर परिवार के साथ बिताने के बाद वह अपने कमरे में चले गये। जब काफी देर तक वह कमरे से बाहर नहीं निकले तो परिजनों ने आवाज लगाई। जवाब न मिलने पर देखा तो दरवाजा भीतर से बंद था। आस पड़ोस के लोग किसी तरह दरवाजा तोड़ कर भीतर गये तो वहां कुंवर विक्रम सिंह को फांसी पर लटका देखा। उन्हें इस हालत में देख परिजनों की चीखें निकल गईं। उन्हें तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है।

# करिश्मा व नेहा का हिम ज्योति स्कूल के लिए चयन

गरुड़(उद संवाददाता)। राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय पिंगलों की छात्रा करिश्मा व नेहा का चयन हिम ज्योति स्कूल देहरादून के लिए हो गया है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नीता अल्मिया ने बताया कि इससे पूर्व भी दर्जनों बच्चों का चयन हिम ज्योति देहरादून, जवाहर नवोदय विद्यालय, राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के लिए भी चयनित हो चुके हैं। बच्चों की इस उपलब्धि पर मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश्वरी मेहता, प्रधानाध्यापिका नीता अल्मिया समेत अभिभावकों ने खुशी व्यक्त करते हुए बच्चों को बधाई दी है।

# सगे भाई ने बहन के साथ किया दुष्कर्म

देहरादून(उद संवाददाता)। बहन को चाची के घर छोड़ने जा रहे सगे भाई ने उसके साथ दुष्कर्म कर दिया। इसके बाद आरोपित ने पीड़िता को चाची के घर छोड़कर फरार हो गया। मां की तहरीर पर पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रुड़की निवासी महिला ने बताया कि उनकी नाबालिग बेटी 10-12 दिन पहले माजरा स्थित अपनी चाची के घर रहने आई थी। उसे छोड़ने के लिए उसका बड़ा भाई आया था। गुरुवार सुबह आरोपित अपनी बहन को मुस्लिम कालोनी ले जाने के बहाने स्कूटी पर बैठाकर ले गया। आरोपित उसे शिमला बाईपास रोड की तरफ ले गया। जहां झाड़ियों में ले जाकर आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद रात 12 बजे आरोपित ने पीड़िता को चाची के घर छोड़ा और वहां से फरार हो गया। पटेलनगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कमल कुमार लुंठी ने बताया कि आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उसकी तलाश की जा रही है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# धामी सरकार ने किया चहुंमुखी विकास : बहुगुणा

## पत्रकार वार्ता में कैबिनेट मंत्री ने गिनाई सरकार की तमाम उपलब्धियां




रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड सरकार के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने शनिवार को धामी सरकार के दो साल पूरे होने पर भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में सरकार की तमाम उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि दो साल में धामी सरकार ने न सिर्फ विकास के कीर्तिमान बनाये हैं बल्कि देश में एक अलग पहचान भी बनायी है। सौरभ बहुगुणा ने कहा कि सरकार के सामने कई चुनौतियां थी इन चुनौतियों का सामना करते हुए आज उत्तराखण्ड एक आदर्श राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। इस कानून के लागू होने के बाद पारदर्शिता के साथ समय पर परीक्षाएं संपन्न हो रही हैं। उत्तराखण्ड में धर्मांतरण को रोकने के लिए धामी सरकार ने धर्मांतरण विरोधी कानून लागू किया है। जिसके चलते अब प्रदेश में जबरन या प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराने या करने पर 10 साल तक की सजा का प्रावधान है। प्रदेश में दंगारोधी कानून को कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है। इसके अलावा नारी सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत महिलाओं को प्रोजेक्ट कॉस्ट का 30 प्रतिशत या एक लाख रुपए की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। महिला स्वयं सहायता समूहों को 5 लाख रूपए तक का ऋण बिना ब्याज के उपलब्ध कराया जा रहा है। लखपति दीदी योजना के द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की आर्थिकी में सुधार कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। 2025 तक स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 1.25 लाख महिलाओं को अजीविका मिशन के तहत लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लम्बे संघर्ष के बाद अस्तित्व में आये उत्तराखण्ड राज्य के आंदोलनकारियों का सम्मान करते हुए आंदोलनकारियों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया गया है। सरकार ने आम जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलाने के लिए राज्य में नि:शुल्क जांच योजना के तहत मरीजों को 207 प्रकार की पैथेलॉजिकल जांचों की नि:शुल्क सुविधा दी है। ऊधमसिंह नगर जिले में एम्स ऋषिकेश का सैटेलाईट सेंटर का कार्य गतिमान है। आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना में प्रदेश के सभी परिवारों को 5 लाख रूपये वार्षिक तक के निशुल्क ईलाज की सुविधा दी जा रही है। अब तक 55 लाख से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं और अब तक 7 लाख से अधिक मरीज मुफ्त में उपचार करा चुके हैं। औद्योगिक विकास के लिए उत्तराखंड ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में विभिन्न देशों के उद्योगपतियों द्वारा 3.56 लाख करोड़ के 1,779 एमओयू हस्ताक्षरित हुए हैं। राज्य सरकार पिछले 3 महीने में ही 20फीसदी करार को धरातल पर उताकर अब तक 71 हजार करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउंडिंग की जा चुकी है। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिये भ्रष्टाचार मुक्त एप 1064 लांच किया है, जिस पर आने वाली शिकायत सीधा विजिलेंस विभाग को मिलती है। इसमें यह सुनिश्चित किया जाता है कि जो शिकायत की गई, उसके स्टेटस के बारे में अपडेट शिकायतकर्ता को मिले। मानसखंड कॉरिडोर, शारदा कॉरिडोर, हरिद्वार-ऋषिकेश कॉरिडोर केदारखंड के साथ-साथ मानसखंड कॉरिडोर के तहत कुमांऊ क्षेत्र के मंदिरों का भी विकास कर रहे हैं। वहीं हरिद्वार ऋषिकेश कॉरिडोर के साथ ही शारदा कॉरिडोर की प्रक्रिया भी गतिमान है। प्रदेश में रोपवे कनेक्टिविटी का विस्तार किया जा रहा है। हल्द्वानी से चंपावत-पिथौरागढ़- मुन्स्यारी हैली सेवा की शुरूआत करने के साथ ही उत्तराखंड उड़ान योजना में हेली सर्विस शुरू करने वाला पहला राज्य बन गया है। पंतनगर एयरपोर्ट से वाराणसी के लिए भी हैली सर्विस सेवा शुरू की गई है। जॉलीग्रांट एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया जा रहा है, नये टर्मिनल का उद्घाटन किया गया। वहीं दूसरी ओर ऊधमसिंह नगर में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट विकसित करने की योजना का ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया गया है और पंतनगर एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा ओएलएस सर्वे कर लिया गया है। उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहचान दिलाने के लिए अम्ब्रेला ब्राण्ड ''हाउस ऑफ हिमालयाज'' की शुरूआत की गई है। इससे नैनीताल व ऊधमसिंहनगर के तराई क्षेत्र लाभान्वित होंगे। नैनीताल जिले में बंद पड़ी एचएमटी फैक्ट्री की 45.33 एकड़ जमीन उत्तराखंड सरकार को हस्तांतरित कर दी गई है। इसके अतिरिक्त भी तमाम ऐसी योजनाएं हैं जिन्होंने उत्तराखण्ड की दशा और दिशा बदलने का काम किया है। रूद्रपुर में नजूल भूमि पर मालिकाना हक की दशकों पुरानी मांग को धामी सरकार ने पूरा किया है। इसके अलावा जिला मुख्यालय रूद्रपुर में वेंडिंग जोन का निर्माण भी धामी सरकार की बड़ी देन है। विकास के इन कार्यों की बदौलत भाजपा इस लोकसभा चुनाव में एक बार फिर उत्तराखण्ड में हैट्रिक बनाने जा रही है। विपक्ष मुद्दा विहीन है, चुनाव से पहले ही उनके हौंसले इतने पस्त हो चुके हैं कि उन्हें ढूंढने से भी प्रत्याशी नहीं मिल पा रहे हैं। श्री बहुगुणा ने कहा कि प्रदेश की पांचों सीटों पर इस बार कांग्रेस प्रत्याशियों की जमानतें जब्त होंगी। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, दर्जा राजय मंत्री उत्तम दत्ता, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, जिला महामंत्री अमित नारंग, विवेक सक्सेना, खतीब अहमद, सतीश गोयल, मीडिया प्रभारी ललित मिगलानी, मयंक कक्कड़, गजेंद्र प्रजापति आदि थे।

# व्यापार मण्डल पदाधिकारियों का किया स्वागत



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सिटी क्लब में लोहा व्यापार मंडल द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय जुनेजा,महामंत्री मनोज छाबड़ा और कोषाध्यक्ष संदीप राव का व्यापारियों ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।इस अवसर पर अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि व्यापारियों का सबसे बड़ा संगठन व्यापार मंडल है जहां व्यापारी हितों के लिए चौबीसों घण्टे काम किया जाता है,कोई भी अधिकारी व्यापारी का उत्पीड़न करता है तो व्यापार मंडल चुप नही रहेगा उस अधिकारी का पुरजोर विरोध भी किया जाएगा। लोहा व्यापार मंडल अध्यक्ष बजरंग लाल गर्ग ने प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की नवनिर्वाचित टीम पर भरोसा जताते हुए कहा कि व्यापार मंडल की नई टीम व्यापारियों के हितो के लिए हर समय तत्पर रहेगी। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा और कोषाध्यक्ष संदीप राव ने उपस्थित व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि व्यापार मंडल सभी व्यापारियों के साथ कंधे के कंधा मिलाकर खड़ा है पूर्व में जिस तरह से व्यापार मंडल का नाम पूरे प्रदेश में है उसी तरह से आगे भी रहेगा,कोई भी अधिकारी व्यापारी का उत्पीड़न करता है तो उस अधिकारी का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा,अधिकारी की मनमानी बर्दाश्त नही की जायेगी। स्वागत समारोह का संचालन वरिष्ठ व्यापारी दर्शन लाल आनंद ने किया। स्वागत समारोह के पश्चात उपस्थित व्यापारियों ने प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नव निर्वाचित अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव के साथ गुलाल लगाकर खूब होली खेली। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा,महामंत्री मनोज छाबड़ा और कोषाध्यक्ष संदीप राव ने लोहा व्यापार मंडल से जुड़े सभी व्यापारियों को रंगो के पर्व होली की शुभकामनाएं देते आभार व्यक्त किया। इस मौके परमनोज गोयल,सुरेश गर्ग,विशाल वासन,मनोज कक्कड़, रणवीर गुप्ता, अनिल बांगा,महावीर गर्ग, अजीत पाल सिंह,शिवम तागरा, संजीव गोयल,मयंक अरोरा,सर्वजीत सिंह, राजीव मनोचा, विकास सिंघल, महिपाल सिंह,नरेंद्र चौधरी, विशाल गुंबर,विक्रम कुमार आदि अनेकों व्यापारी उपस्थित थे।

# सितारगंज में बहुगुणा ने किया चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

सितारगंज (उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव में राज्य की समस्त सीटों पर मतदाता मोदी को वोट देने के लिए उत्सुक है। लोकसभा चुनाव में भाजपा कार्यालय का विधिवत शुभारंभ करने पहुंचे कैबिनेट मंत्री एवं लोकसभा चुनाव में भाजपा के कुमाऊं प्रभारी सौरभ बहुगुणा ने ये बात कही। उन्होंने दावा किया कि भाजपा का प्रत्येक प्रत्याशी पांच, पांच लाख वोट के अंतराल से लोकसभा की समस्त सीट पर विजय प्राप्त करेंगे। शनिवार को कैबिनेट मंत्री एवं लोकसभा चुनाव में भाजपा के कुमाऊं प्रभारी सौरभ बहुगुणा खटीमा रोड स्थित चुनाव कार्यालय में पहुंचे। उन्होंने कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा



ने कहा कि भाजपा ने राज्य की पांचो सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। नैनीताल लोकसभा सीट पर अजय भट्ट को प्रत्याशी बनाकर पार्टी ने दोबारा विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पक्ष में राज्य में माहौल बना हुआ है। संगठन ने कुमाऊं की जिम्मेदारी उन्हे दी है। कुमाऊं भ्रमण के दौरान देखने को मिला आमजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वोट देने के लिए उत्साह का माहौल है। उन्होंने दावा किया कि राज्य की प्रत्येक सीट पर भाजपा प्रत्याशी 5 लाख के अंतराल से विपक्षी दल को पराजित करेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता में लोकसभा चुनाव को लेकर जोश का माहौल है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, राज्य मंत्री इकबाल सिंह लाडी, विधायक प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे, मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, सुरेश जैन, आदेश ठाकुर, भोला जोशी, एडवोकेट रवि रस्तोगी, पंकज गहतोड़ी, मुकेश सनवाल, दीपक गुप्ता, रोहित गर्ग, उमाशंकर रस्तोगी आदि मौजूद थे।

# धामी सरकार में उत्तराखण्ड को मिली नई पहचान: शर्मा



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश मंत्रा विकास शर्मा ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बगवाड़ा और रम्पुरा शक्ति केन्द्रों की बैठक लेकर कार्यकर्ताओं से सरकार की नीतियों का जोर शोर से प्रचार करने और आगामी 27 मार्च को भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के नामांकन में भारी संख्या में भीड़ जुटाने का आहवान किया। बैठक में भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि भाजपा इस बार प्रदेश में रिकार्ड मतों से जीत की हैट्रिक बनाने जा रही है। डबल इंजन की सरकार की के विकास कार्यों से जनता का रूझान पूरी तरह भाजपा की तरफ है। कार्यकर्ताओं के उत्साह से कांग्रेस चुनाव से पहले ही पस्त हो चुकी है। श्री शर्मा ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार के विकास कार्य इस चुनाव में भाजपा की जीत का आधार बनेंगे। उन्होनें कहा कि धामी सरकार के कार्यकाल को दो साल पूरे हो गये हैं। इन दो वर्षों में सरकार ने कई ऐतिहासिक फैसले लेकर प्रदेश को नई दिशा देने का काम किया है। आज उत्तराखण्ड की पहचान पूरे देश में हैं। मुख्यमंत्री धामी ने समान नागरिका कानून, और देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लाकर उत्तराखण्ड को गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री धामी ने जो भी वायदे जनता से किये थे आज वह धरातल पर साकार होते नजर आ रहे हैं। प्रदेश की जनता आज प्रधानमंत्रा नरेन्द्र मोदी की गारंटी की तरह सीएम धामी की गारंटी पर भी पूरा भरोसा करती है। आज यूसीसी कानून बनाने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य है। यूसीसी लागू होने से प्रदेश में महिलाओं का सशक्तिकरण होगा। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार ने सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण के लिए कानून बनाया है। इसके अलावा धामी सरकार के कई फैसलों ने उत्तराखण्ड को विकास की उंचाईयों की ओर ले जाने का काम किया है। श्री शर्मा ने कार्यकर्ताओं से केन्द्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को लेकर जनता के बीच जाने का आहवान किया। साथ ही उन्होंने कहा कि आगामी 27 मार्च को लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट जोर शोर से अपना नामांकन करेंगे। इस दोरान शहर में रोड शो और जनसभा भी होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में नामांकन में पहुंचने की अपील की।इस अवसर पर सुनील ठुकराल, सुशील यादव, अशोक विश्वास, जितेन्द्र संधू, नेहा पाण्डे, अनुज, किरन विर्क, अनुज पांडे, देव मेनन, सचिन छाबड़ा, मोर सिंह यादव, प्रदीप यादव, महेश कोली, वीरू कोली, बिट्टू वाल्मीकि, जितेन्द्र पाल, अजय पाल, गिरीश पाल, राजू कोली, जितेन्द्र आदि मौजूद थे।

# बेहड़ रूद्रपुर और किच्छा में करेंगे होली मिलन समारोह



किच्छा(उद संवाददाता) होली के शुभ अवसर पर किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के रुद्रपुर आवास व किच्छा कैम्प कार्यालय पर 25 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया किया जायेगा। बेहड़ के कार्यालय से कुलदीप सिंह लक्की ने बताया कि सोमवार को प्रात: 8 बजे से 10 बजे तक रुद्रपुर आवास पर तथा प्रात: 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक किच्छा आवास विकास स्थित केम्प कार्यालय में समस्त क्षेत्रवासियों से होली मिलेंगे व सबको होली की बधाई देंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से होली मिलन समारोह में पहुंचने की अपील की है।

# ग्रामीण क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के लिए मांगे वोट

किच्छा(उद संवाददाता)। ग्रामीण मंडल के शक्ति केंद्र फुल सुंगा फुलसुंगी पर जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी द्वारा भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा प्रचार अभियान को तेज करने के साथ ही भाजपा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार के मामले में कांग्रेस पार्टी से आगे निकल चुकी है जबकि कांग्रेस द्वारा अभी तक अपने प्रत्याशी की घोषणा भी नहीं की गई है। भाजपा द्वारा प्रत्येक



बूथ पर अपने कार्यकर्ता भी तैनात कर दिए हैं वहीं कांग्रेस अभी कोसों दूर है । उनके साथ महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष दीपा राय, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मयंक तिवारी, मंडल के महामंत्री सुशील यादव और बूथ अध्यक्ष शक्ति केंद्र संयोजक फुल संगी मनीष पांडे, शक्ति केंद्र फुलसूंगा संयोजक संतोष यादव आदि मौजूद थे।